19/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में सड़क विकास परियोजनाओं के लिए तीन सौ अट्ठानबे करोड़ रुपये का आवंटन किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में सड़क, परिहवन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने बताया कि केन्द्रीय सड़क और मूलभूत सुविधा कोष के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य की 19 जिला सड़क विकास परियोजनाओं के लिए यह धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का विस्तार किया जाएगा और लोगों के निर्बाध आवागमन से राज्य में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। श्री गड़करी ने कहा कि यह निवेश इस बात का परिचायक है कि सरकार सुदूर क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, क्षेत्रीय विकास की रफ्तार तेज करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लोगों की आजीविका में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000000

केंद्र सरकार "एक राष्ट्र एक चुनाव" विधेयक को आज संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी। इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसद शामिल हैं। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक 2024, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 के रूप में आधिकारिक नाम दिया गया है।

0000000000000000000000000

गत बुधवार असम में गंगा नदी डॉल्फिन टैगिंग कर वन्यजीव संरक्षण में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह डॉल्फिन के लिए पहली टैगिंग है जिससे डॉल्फिन की जीवन-शैली को समझने में मदद मिलेगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसे डॉल्फिन और भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे जलीय प्राणियों के संरक्षण में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000000

तूतिंग-यिंगकियोंग विधायक आलो लिबांग ने अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग, वीकेवी ट्रस्ट के अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ गत बुधवार यिंगकियोंग के रामसिंग में वीकेवी स्कूल भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री लिबांग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह उन्होंने रामसिंग में प्रमुख शिक्षा संस्थान लाने की पहल की और वीकेवी जैसा प्रमुख शैक्षणिक संस्थान लाना उनका विजन रहा जो क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देगा। उन्होंने स्थानीय निवासियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने स्कूल के लिए मुफ्त में जमीन प्रदान की। श्री लिबांग ने युवा पीढ़ी को संसाधन, अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए सभी हितधारकों की जिम्मेदारी को रेखांकित भी किया।

उन्होंने स्कूल अधिकारियों से अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करने का आग्रह किया और आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन से समर्थन और समन्वय का आश्वासन भी दिया।

0000000000000000000000000

खेल मंत्रालय ने आज बताया कि देश में कबडडी, खो-खो, कुश्ती और फुटबॉल जैसे खेलों को बढावा देने के लिए खेलो इंडिया योजना समेत कई योजनाएं लागू की जा रही है। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रिय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविय ने बताया कि खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के अलावा देश में राष्ट्रीय खेल महासंघों को सहायता, अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में विजेताओं और उनके कोच को विशेष पुरस्कार और राष्ट्रीय खेल पुरस्कार जैसी योजनाएं लागु की जा रही है। डॉ. मांडविय ने कहा कि देश में मेधावी खिलाडियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय खेल विकास कोष और भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन किया जा रहा हैं।

0000000000000000000000000

आज आर.के. मिशन अस्पताल ईटानगर में शेरदुकपेन एमप्लोइज वेलफेयर असोसियेशन, अरुणाचल लाइफ सेविंग फाउनदेशण और हॉर्नबील फुटबॉल कल्ब द्वारा संयुक्त रुप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिस में लगभग पच्चिस यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

0000000000000000000000000

तवांग जिला उद्योग केंद्र में दो दिवसीय जागरूकता- सह-कारीगर आवेदन पंजीकरण शिविर का आज समापन हुआ। इस अवसर को संबोधित करते हुए जिला उद्योग उप निदेशक शेरिंग रेमा ने कारपेंट्री, नाव निर्माण, लोहार, सोनार, और अन्य सहित अट्ठारह पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों को सशक्त बनाने में पीएम विशवकर्मा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही इस योजना के बारे में जागरूकता बढाने और कारीगरों को इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले उद्यमशीलता के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोतसाहित करने में पंचायती राज संस्थान के सदस्यों की महत्वपुर्ण भूमिका पर जोर दिया।

0000000000000000000000000

सियांग जिले में सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट के खिलाफ कथित विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज कहा कि अगर लोगो की इच्छा नही होगी तो कोई भी जल विद्युत परियोजना नही लाई जायेगी। जिले के बोलेंग में स्थानिय विधायक और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्री खांडू ने कहा कि इस परियोजना के खिलाफ लोगों को उकसाने के लिए गलत सुचना फैलाई जा रही है।

0000000000000000000000000